बरेली, सोमवार
9 अप्रैल 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

एक्स–रे, सीटी स्कैन की बारीकियों का दिया प्रशिक्षण

बरेली : भोजीपुरा स्थित श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के रेडियोलॉजी विभाग की ओर से एक दिवसीय चेस्ट इमेजिंग अपडेट 2018 सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सकों को छाते के एक्स–रे, सीटी स्कैन, एमआरआइ एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी आदि जांचों का ठीक से अध्ययन करके रोग का पता लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। सेमिनार का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति, प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता, आयोजक चेयरपर्सन एवं रेडियोलॉजी विभाग के हेड डा. आर मधोक, डा. एल उप्रेती, डा. एसके त्रिपाठी, डा. जफर नियाज, डा. निर्मल यादव, डा. एसके हांडा, डा. नीरज प्रजापति, डा. एसके रस्तोगी ने किया। तीन सत्रों में किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ से आये प्रोफेसर डा. सूर्यकान्त ने सीने के एक्स–रे रिपोर्ट को संघन परीक्षण के बाद बिन्दुवार कैसे लिखें, पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसजीपीजीआइ लखनऊ के डा. जफर नियाज ने फेफड़ों के कैंसर से संबंधित अनुसंधान खोजों तथा सीटी गाइडेंट इन्टरवेंशन की जानकारी दी। पीजीआइ चंडीगढ़ के डा. अनमोल भाटिया ने बच्चों के फेफड़ों में होने वाली जन्मजात विकृतियों के बारे में बताया। संचालन डा. घटा अग्रवाल एवं डा. अभिनव पंडित ने किया। जासं